**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले के देहरा क्षेत्र में प्रदेश की पहली ओज़ोन आधारित पेयजल उपचार परियोजना स्थापित की जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 46 करोड़ रूपये की राशि आबंटित की है। उन्होंने आज देहरा विधानसभा क्षेत्र के बड्डल थोर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ये घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की जल उपचार परियोजनाएं स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा दूषित पानी के सेवन से कई प्रकार की बीमारियों की संभावना बनी रहती है। उन्होंने बताया कि सरकार ने मुख्यमंत्री का अपना परिवार– सुखी परिवार योजना के तहत लोगों को लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसके लिए पंचायतों में सर्वेक्षण किया जा रहा है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि युवाओं व महिला मंडलों को पौधरोपण और वनों के संरक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से राजीव गांधी वन संवर्धन योजना शुरू की गई है। इसके तहत स्वयं सहायता समूहों को एक लाख 20 हज़ार रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड्डल थोर में पशु चिकित्सालय खोलने का ऐलान भी किया।

---

**राष्ट्रीय खेल दिवस**

आज राष्ट्रीय खेल दिवस है। ये दिवस महान हॉकी खिलाड़ी पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। यह दिन भारत की समृद्ध खेल विरासत का उत्सव मनाने का प्रतीक है। राष्ट्रीय खेल दिवस, लोगों को, खेलों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करता है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने सभी लोगों से प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक घंटा खेल के मैदान पर बिताने और खुद को स्वस्थ रखने का आह्वान किया। एक रिपोर्ट–

---

**गिरफ्तारी**

शिमला पुलिस ने लोगों से सोशल मीडिया पर कोई भी जानकारी साझा करते समय एहतियात बरतने की अपील की है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में ए.एस.पी मेहर पंवर ने कहा कि विधानसभा के बाहर पुलिस जवानों द्वारा धरना प्रदर्शन करने की भ्रामक खबर पोस्ट करने के मामले में आरोपी व्यापारी कर्मचंद भाटिया को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये कार्रवाई बदले की भावना से नहीं बल्कि नियमों के अनुसार ही की गई है। अदालत ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेजा है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**गैस मंत्रालय–स्पष्टीकरण**

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि गोबर्धन योजना के अंतर्गत बायोगैस के लिए संशोधित मूल्य निर्धारण ढांचा, इसके उत्पादकों को स्थिर और किफायती मूल्य प्रदान करने के लिए बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इसमें ये भी सुनिश्चित किया गया है कि उपभोक्ताओं को सीएनजी और घरेलू पीएनजी की कीमतों में कोई खास वृद्धि न वहन करनी पड़े। मंत्रालय ने बताया कि मौजूदा ढांचे के अंतर्गत, बायोगैस उत्पादकों को प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट, लगभग एक हज़ार चार सौ अठहत्तर रुपये दिये जाते हैं। जबकि, गोबर्धन योजना के अंतर्गत, संशोधित क्रय मूल्य दो हज़ार एक सौ दस रूपये है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------